दिन–गुरूवार दिनांक– 18/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को घुसपैठिया बचाओ यात्रा का नाम दिया है। दो दिवसीय बिहार दौरे पर आज रोहतास के डेहरी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए श्री शाह ने कहा कि बिहार में एनडीए एकजुट है और विकास के मुद्दे को लेकर आगामी चुनाव में जनता का समर्थन मांग रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया है कि श्री शाह इसके बाद बेगूसराय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर बैठक करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों वरिष्ठ नेताओं की मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट डिलीट किए जाने संबंधी लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी वोट को ऑनलाइन प्रक्रिया में नहीं हटाया जा सकता है। आयोग ने कहा कि श्री गांधी ने इस संबंध में गलत धारणा बनाने का प्रयास किया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी वोट डिलीट नहीं किया जा सकता। आयोग ने कहा कि दो हजार तेईस में कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जाँच के लिए आयोग द्वारा स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र से दो हजार अठारह में भाजपा के सुभाध गुट्टेदार और दो हजार तेईस में कांग्रेस के बी.आर. पाटिल ने जीत हासिल की थी। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया है कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में कम से कम छह हज़ार वोट हटाए गए थे। श्री गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि सॉफ्टवेयर में हेरफेर के माध्यम से मतदाता सूची से नाम हटाए गए थे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बातचीत की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने नेपाल में शांति और स्थिरता बहाल करने में नेपाल सरकार को भारत के सहयोग का आश्वासन दिया है। श्री मोदी ने कहा कि बातचीत के दौरान नेपाल की प्रधानमंत्री को कल होने वाले नेपाल के राष्ट्रीय दिवस की बधाई भी दी।

———————————————————————————

आकाशवाणी, पटना से आज संध्या सात बजकर दस मिनट से सात बजकर पैंतालीस मिनट तक विशेष कार्यक्रम सेवा पर्व—दो हजार पच्चीस का प्रसारण किया जाएगा। इस कारण से सांध्य कालीन प्रादेशिक समाचार के प्रसारण समय में बदलाव किया गया है। सांध्य कालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण आज संध्या सात बजकर सत्तावन मिनट से आठ बजकर बारह मिनट तक किया जाएगा।

———————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता बनी हुयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम और उत्तर—पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गयी। सुपौल में सबसे अधिक एक सौ तेईस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और किशनगंज जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। इसके लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बेगूसराय में नये ब्लड बैंक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान भी किया।

———————————————————————————

अररिया के खेल भवन में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कोषांग के नोडल पदाधिकारी दिलीप कुमार साह ने की।

———————————————————————————

समस्तीपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर पिंक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। उप विकास आयुक्त शैलजा पांडेय ने समाहरणालय परिसर से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।